1.6.18 पत्रावली आज कैम्प कोर्ट हांसलसर में पेश हुई। प्रकरण में तहसीलदार उदयपुरवाटी से मौका रिपोर्ट प्राप्त की गई। पत्रावली का अवलोकन किया गया। ग्राम हांसलसर की सरहद में स्थित भूमि ख.नं. 147 प्रार्थीगण एवं अन्य सहखातेदारों के नाम से दर्ज रिकार्ड है। प्रार्थीगण अपनी खातेदारी भूमि में आने जाने हेतु अप्रार्थी क्रं 13 लगायत 17 की खातेदारी भूमि ख.नं. 149 की दक्षिणी सीमा के सहारे सहारे रास्ता चाहते है। रिपोर्ट तहसीलदार उदयपुरवाटी दि. 1.6.18 के अनुसार प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि ख.नं. 147 में आने जाने के लिए मौके पर कोई रास्ता चालू नहीं है लेकिन ख.नं. 149 की दक्षिणी सीमा के सहारे सहारे क्लेम शुदा रास्ते की लम्बाई 56 मीटर होती है जो सबसे कम दूरी है। इस प्रकार प्रार्थीगण द्वारा चाहे गये रास्ते में मात्र 168 व.मी. भूमि ही समायोजित होती है।

उक्त विवेचन से प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अ. धारा 251 (क) साबित होने से स्वीकार किया जाना उचित व न्यायोचित प्रतीत होता है।

आदेश

प्रार्थना पत्र अ. धारा 251 (क) रा. का. अ. साबित होने से स्वीकार किया जाता है। प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि ख.नं. 147 ग्राम हांसलसर में आने जाने हेतु कटाण शुदा रास्ते से अप्रार्थी क्रं. 13 लगायत 17 की खातेदारी भूमि ख.नं. 149 की दक्षिण सीमा के सहारे-2 कुल 4 मीटर चौड़ा रास्ता कायम किया जाता है। प्रार्थीगण रास्ते में समायोजित होने वाली भूमि के बदले उतनी भूमि अप्रार्थीगण को देवेंगे। तदनुसार तहसीलदार उदयपुरवाटी रास्ते का नाप जोख करें तथा उक्त रास्ते को राजकीय रास्ता दर्ज रिकार्ड करें तथा नक्शा ट्रेस में तरमीम करें तथा रास्ता तत्काल चालू करवावें। पत्रावली फैसल शुमार हो कर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

उपखण्ड अधिकारी
उदयपुरवाटी (झुंझुनूं)

M: 9414214486
ऑफिस: वार्ड नं. 30, गंगा कॉलोनी, बगड़ रोड, ...
मो. 941421...

Scanned by CamScanner